Need to extend train services terminating at Ahmedabad up to Rajkot - laid

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): मैं रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि कई ट्रेनों की यात्रा अहमदाबाद स्टेशन में समाप्त होने के बाद और अगले परिचालन के ले- ओवर अवधि के आधार पर उक्त ट्रेनों को राजकोट तक विस्तार करने की संभाव्यता है, इसीलिए कई बार मांग रखी गयी है। सुरेंद्रनगर राजकोट सेक्शन पर ट्रैक दोहरीकरण का काम पूरा होने के कगार पर है, और साथ ही राजकोट में नई अत्याधुनिक पिट लाइन की उपलब्धता भी शामिल है, इसलिए उक्त ट्रेनों के विस्तार करने का अवसर है, जो रेलवे और सौराष्ट्र के यात्रियों को भी लाभ होगा। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि, उक्त ट्रेनों को अहमदाबाद से राजकोट तक विस्तार करने का शीघ्र आदेश दें, इससे न केवल रेलवे को, बल्कि सौराष्ट्र के सभी नागरिकों को भी सुविधा होगा।